FD-2001

B.Com. (Part-I) Examination, 2022

FOUNDATION COURSE

Paper - I

Hindi Language

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** वाक्य का पल्लवन लिखिए : 8

(*i*) 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे।'

(*ii*) 'साहित्य समाज का दर्पण है।'

(ख) ईदगाह कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 7

अथवा

पारिभाषिक शब्द निर्माण की आवश्यकता क्यों पड़ती है? विवेचना कीजिए।

2. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लोकोक्तियों/ मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए : 8

(*i*) आग में घी डालना

(*ii*) आस्तीन का सांप होना

(*iii*) गागर में सागर भरना

(*iv*) एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा

(*v*) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

(*vi*) नाच न आवे आंगन टेढ़ा

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **आठ** अशुद्ध वाक्यों के शुद्ध रुप लिखिए :

(*i*) चार बजा है।

(*ii*) नेताजी मंच पर से बोला।

(*iii*) यह उसके आत्मा की आवाज है।

(*iv*) मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।

(*v*) महादेवी विद्वान महिला थीं।

(*vi*) इस काम में बड़ा लाभ है।

(*vii*) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

(*viii*) मेरे को खाना खाना है।

(*ix*) सबों ने यही राय दी।

(*x*) यह असली गाय का दूध है।

(ख) 'भारत वंदना' के आधार पर भारत माता की सुंदरता का वर्णन कीजिए। 7

3. (क) देवनागरी लिपि को आदर्श लिपि क्यों माना जाता है? विवेचना कीजिए। 8

अथवा

संक्षेपण की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(ख) "'भोलाराम का जीव' भारतीय समाज का आईना है।" स्पष्ट कीजिए। 7

4. (क) कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी को विस्तार से समझाइए। 8

अथवा

'कम्प्यूटर और हिन्दी' विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'शिकागो से स्वामी विवेकानंद का पत्र' निबंध में वर्णित संदेश को स्पष्ट कीजिए। 7

5. (क) मानक हिन्दी को परिभाषित करते हुए इसके प्रमुख लक्षण लिखिए। 8

अथवा

मानक और अमानक हिन्दी के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सामाजिक गतिशीलता' निबंध के आधार पर आधुनिक काल का वर्णन कीजिए। 7